# चार माह से प्रस्तावित बस स्टैंड को शिफ्ट कराना भूली नगर पालिका

## यातायात जाम से निजात दिलाने के लिए तत्कालीन प्रशिक्षु आईएएस ने किशनगढ बास पालिका व परिवहन विभाग से बात कर बनाई थी योजना

**किशनगढ बास,** (निसं)। खैरथल तिजारा जिले के किशनगढ़ बास बाईपास स्थित मोठूका चौक पर 4 माह से प्रस्तावित बस स्टैंड को शिफ्ट कराना नगर पालिका भूल गई है। अलवर तिजारा खैरथल रोड व तोप सर्किल पर बने रहने वाले यातायात जाम से निजात दिलाने के लिए तत्कालीन प्रशिक्षु आईएएस ने नगर पालिका व परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर के बीचो-बीच से हों रहे बसों के संचालन को मोठूका चौक से संचालित कराए जाने के लिए योजना बनाई थी। मोठूका चौक पर नगर पालिका की भूमि को वर्षों से कब्जा जमाए गडरिया लूहार परिवारों से मुक्त कराया गया लेकिन विडंबना की बात यह रही की इस दौरान ही अधिकारी का तबादला हो गया और नगर पालिका ने फाइल को उठाकर अलमारी के अंदर ताले में बंद कर दिया।



किशनगढ़ बास में प्रस्तावित बस स्टैंड की खाली पड़ी भूमि।

- नगर पालिका की भूमि पर वर्षों से कब्जा जमाए गडरिया लूहार परिवारों से कराया गया था जमीन को मुक्त
- अधिकारी के तबादले के साथ ही नगर पालिका ने फाइल को अलमारी के अंदर ताले में बंद किया हुआ है

करीब चार माह पहले शहर में प्रशिक्षु आईएएस धीरज कुमार सिंह की किशनगढ़ बास में एसडीएम के पद पर नियुक्ति हुई। प्रशिक्षु अधिकारी ने बाईपास स्थित मोठूका का चौक पर नगर पालिका की भूमि पर वर्षों से डेरा जमाए बैठे गडरिया लुहार को समझाइस कर वहां से हटाकर कब्जा खाली कराया। गडरिया लुहार परिवारों को पडोस में ही अतिक्रमण की चपेट में सरकारी भूमि को अतिकर्मियों से खाली कराकर उन्हें बसाने का काम किया। नगर पालिका की ओर से प्रत्येक परिवार को 50 वर्ग गज का नगर पालिका से पट्टा आवंटन कराया गया। पूरे दिन नगर पालिका और राजस्व टीम के साथ खड़े रहकर अतिक्रमण को साफ कराया।

प्रशिक्षु अधिकारी की अध्यक्षता में नगर पालिका की ओर से प्रस्तावित बस स्टैंड को तैयार कराकर परिवहन विभाग को सौंपा जाने के लिए जमीन को समतल कराने पर लाखों रुपए का बजट नगर पालिका की ओर से खर्च किया गया। बस स्टैंड के आसपास नॉन वेंडिंग जोन बनाए गए। मोठूका चौक पर नगर पालिका की भूमि पर बस स्टैंड स्थापित होने की खबर के साथ ही आसपास जमीनों के भाव आसमान छूने लगे। प्रस्तावित बस स्टैंड के समीप में सरकारी बालिका महाविद्यालय का भवन तैयार हो रहा है।

प्रशिक्षु अधिकारी धीरज कुमार के निर्देशन में बस स्टैंड को शिफ्ट कराए जाने के लिए तेजी से हो रहे कार्य पर प्रशिक्षु अधिकारी के तबादले के साथ ही नगर पालिका अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की नियत में बदलाव आ गया और काम को रोक फाइल को उठाकर अलमारी में रख दिया गया।

अधिकारी के जाने पर नगर पालिका की ओर से विदाई पार्टी दी गई थी। उस दौरान भी अधिकारी ने शहर के लोगों को यातायात अवरुद्ध रहने की समस्या से निजात दिलाने के लिए पालिका अधिकारियों से बस स्टैंड को शीघ्र शिफ्ट कराने के लिए कहा था। जिस पर नगर पालिका अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने अधिकारी को भरोसा दिया था कि जल्द ही बस स्टैंड को तैयार कराकर शिफ्ट करा दिया जाएगा।

परिवहन विभाग के अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि नगर पालिका ने ना तो बस स्टैंड के संचालन के लिए सुविधा उपलब्ध कराई है और ना ही परिवहन विभाग को जगह सुपुर्द की है। अधिकारी ने कहा कि तत्कालीन एसडीएम धीरज कुमार के प्रयास थे कि बस स्टैंड को स्थानांतरण किया जाए जिससे शहर में रहने वाली यातायात अवरोध की समस्या से लोगों को निजात दिलाई जा सके लेकिन उनके तबादला होने के बाद किसी अधिकारी ने प्रयास नहीं किए हैं।

दूसरी तरफ नगर पालिका ईओ जगदीश खीचड़ का कहना है कि बस स्टैंड की डीपीआर तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के लिए दी हुई है। तैयार होने पर सरकार को भेजेंगे जिससे बस स्टैंड को नॉर्म्स के हिसाब से बनवा सके। वैसे नगर पालिका 3 महीने पहले ही बस स्टैंड के संचालक को लेकर परिवहन विभाग को पत्र दे चुकी है।

# युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

## सुसाइड नोट में मौत के जिम्मेदार राहुल सोनी, अखिलेश वैष्णव और मीनाक्षी सोनी को बताया

**भीलवाड़ा,** (नीसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की आदर्श विहार कॉलोनी में शुक्रवार को फांसी लगाकर खुदकुशी करने वाले अविनाश का शव शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर सुसाइड नोट के आधार पर मामले की गहनता से जांच शुरू की है।

कोतवाल राजपाल सिंह ने बताया कि आदर्श विहार कॉलोनी निवासी अविनाश (36) पुत्र फतेह बहादुर ने शुक्रवार को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। शनिवार को परिजनों के आने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाते हुये शव परिजनों को सौंप दिया। इस बीच, पुलिस ने अविनाश का लिखा सुसाइड नोट भी कब्जे में लिया। मृतक के भाई विकास शर्मा की रिपोर्ट पर तीन जनों के खिलाफ खुदकुशी के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया गया है। मृतक के भाई विकास के अनुसार, अविनाश का मृत्यु पूर्व लिखा सुसाइड नोट मिला है।



मृतक युवक।

उसमें अविनाश ने लिखा कि मेरी मौत के जिम्मेदार राहुल सोनी, अखिलेश वैष्णव और मीनाक्षी सोनी है। इसके साथ ही सुसाइड नोट पर 3-5-2024 और नीचे हस्ताक्षर किये हुये हैं। शर्मा ने बताया कि उसके भाई अविनाश को राहुल सोनी, अखिलेश और मीनाक्षी परेशान करते थे। इन तीनों का नाम सुसाइड नोट में लिखा है। ये तीनों लोग लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। पहले भी उनको समझाया था। माफी मांगी, इसके बाद भी परेशान करते थे। घर पर जाकर धमकी भी देते थे। इनकी धमकियों से परेशान होके अविनाश ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने भाई की रिपोर्ट और सुसाइड नोट के आधार पर मामले की गहनता से जांच शुरू की है।

## एसिड से भरा ड्रम सड़क पर गिरा

**अजमेर,** (कासं)। एलिवेटेड रोड पर शनिवार को एसिड से भरा ड्रम पटलने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना के बाद क्लॉक टावर थाना पुलिस व अग्निशमन की दमकल मौके पर पहुंची। गनीमत रही कि इस दौरान मौके पर कोई मौजूद नहीं था और बड़ा हादसा टल गया। क्लाक टावर थाने के छोटू सिंह ने बताया कि केसरगंज निवासी सुधीर जैन का बैटरी का काम है और उनके यहां एसिड से भरे ड्रम टैम्पों से लेकर चालक केसर गंज जा रहा था। इसी दौरान एलिवेटेड रोड पर स्थित ब्रेकर के कारण टेंपो अनियंत्रित हो गयाए जिसके कारण उसमे रखा एसिड का ड्रम नीच गिर गया। इसके बाद नमक का एसिड सडक् पर फैल गया। इससे धुआं उठने लगा। गनीमत रही कि कोई नहीं था और ऐसे में उसके छींटे किसी को नहीं लगे।

# मर्द को बना दिया नामर्द

## लिंग परिवर्तन करा आदमी से बनाया औरत

**अजमेर,** (कासं)। अच्छा खास बनाया था मैंने तुझे, बन गया तू जनाना गजब हो गया' पुराने जमाने की एक फिल्म का ये गीत इस जमाने की रीत के रूप में उभर कर आया। ये शर्मनाक कांड किशनगढ़ के एक क्षेत्र का है, जहां शादीशुदा एक मर्द की जिंदगी में उस समय भूचाल आ गया, जब दो लोगों ने जबरन उसका लिंग परिवर्तन करा मई से नामर्द बना दिया। अप्राकृतिक कृत्य का शिकार पीड़ित ने पुलिस प्रशासन को लिखित शिकायत देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में पीड़ित ने स्वयं को शादीशुदा बताया और आरोप लगाया कि किशनगढ़ के जिस इलाके में निवास करता है, वहां के सोनू व भरत भी उसी क्षेत्र के निवासी है। दोनों पेशे से टैक्सी चालक हैं, इन्होंने पीड़ित को प्यार के जाल में फंसाकर न सिर्फ हसीन सपने दिखाए बल्कि अनेक बार अप्राकृतिक कृत्य भी किया। कुछ दिन पूर्व सोनू व भरत उसे किसी बहाने से उसे अहमदाबाद ले गए, जहां ले जाकर एक अस्पताल में जबरन लिंग परिवर्तन करा दिया। अब औरत की तरह दिखने वाले पीड़ित ने किन्नर समाज में जाने से इंकार करते हुए आश्रम में जिन्दगी गुजारने की ठान ली है।

# महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूलों का होगा रिव्यू

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान में चल रहे 2000 से ज्यादा महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को हिंदी मीडियम में बदलने की तैयारी चल रही है। शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर अधिकारियों से अंग्रेजी मीडियम स्कूल के मौजूदा हालात, टीचर्स की संख्या, स्टूडेंट की संख्या के साथ ही उसे फिर से हिंदी मीडियम में शुरू करने की सिफारिश मांगी है। इसके आधार पर फैसला कर शिक्षा विभाग अंग्रेजी मीडियम स्कूल को फिर से हिंदी मीडियम में बदलेगा।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान में महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल की जरूरत को लेकर सरकार के स्तर पर रिव्यू किया जा रहा है। इसके बाद ही स्कूल चलेंगे या बंद होंगे इसको लेकर कोई फैसला होगा। सरकारी स्तर पर रिव्यू करने के साथ ही हम यह भी देखेंगे कि महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के अनुरूप है भी या नहीं है। इसी आधार पर अंतिम फैसला किया जाएगा।

दरअसल, राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने प्रदेश में लगभग 2070 सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी मीडियम में कन्वर्ट कर उन्हें डेवलप किया था। इन स्कूलों को महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल का नाम दिया गया था। इन स्कूलों में दाखिले की निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर गरीब परिवार के छात्र पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन प्रदेश में सरकार बदलने के बाद अब शिक्षा विभाग ने इसमें बदलाव की कवायद तेज कर दी है। पिछले दिनों शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश में संचालित किए जा रहे महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल का रिव्यू करने का फैसला किया था। इसके बाद अब शिक्षा विभाग ने सभी संभाग और उपखण्ड स्तर से महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के संचालन को लेकर पूरी रिपोर्ट मांगी है।

## 80 हजार सहित दस्तावेज की चोरी

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना के कोटड़ा नयाबास तिराहे पर स्थित लक्ष्मी मार्ट की दुकान में चोरों ने 80 हजार रुपए सहित जरूरी कागजात, बिल, पार्टीयों के चेक एवं अन्य दस्तावेज लेकर फरार हो गए। राजपाल सिंह बगड़िया ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। बगड़िया ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि शुक्रवार को रात्रि 7:40 से 8:00 के बीच तीन अज्ञात लोग दुकान पर आये उस समय मेरे पिताजी दुकान में थे। तीनों लोगों ने दुकान के अंदर घुसकर गले को खोलकर गले में रखें जरूरी कागजात, बिल, चेक, सहित लगभग 80 हजार रुपए नगदी लेकर फरार हो गए। मेरे पिताजी ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की लेकिन तो लोग धक्का देकर फरार हो गए।

# गौरीर के पास लावारिस हालत में मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त

**खेतडी,** (निसं)। मेहाडा थाना इलाके के गौरीर की सड़क किनारे मिले एक व्यक्ति के शव की शनिवार को दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई है। लावारिस हालत में मिले शव की शिनाख्तगी के लिए पुलिस की ओर से प्रयास किए जा रहे है, लेकिन परिजनों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

- पुलिस कर रही शव की शिनाख्तगी के प्रयास, शव को उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है

सीआई थानाधिकारी राजवीरसिंह शेखावत ने बताया कि शुक्रवार शाम को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के अधीन आने वाले गांव गौरीर से मेहाडा आने वाली रोड स्थित एक बंद पड़े क्रेसर के ऑफिस के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना पर मेहाडा थानाधिकारी राजवीरसिंह शेखावत मय जाब्ता के मौके पर पहुंचे, जहां जांच के दौरान देखने से मंदबुद्धि व्यक्ति लगता है तथा लाश एक दिन पुरानी होना पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर खेतडी के राजकीय अजीत उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव को रखवाया था।

सूचना पर थानाधिकारी राजवीरसिंह शेखावत ने मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मृतक की पहचान को लेकर आसपास के लोगों से पुछताछ की गई, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। थानाधिकारी ने बताया कि उक्त व्यक्ति के बारे में सुबह से यही पडे होने की जानकारी सामने आई है तथा डंपर चालकों की ओर से सडक किनारे पडे व्यक्ति को पानी भी पिलाया गया तथा व्यक्ति की मृत्यु दोपहर को होने की बात सामने आई है। शव की शिनाख्त को लेकर हरियाणा सीमा के थानों में भी सूचना दी गई। वहीं सोशल मीडिया के जरिए भी मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया। शव की शिनाख्त नहीं होने पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शव का पोस्टमार्टम करवा अंतिम संस्कार कराने निर्णय लिया गया। वहीं राजकीय अजीत उप जिला अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम करवा कर शव का अंतिम संस्कार करवाया जाएगा।

## परीक्षा परिणाम पर भी आचार संहिता का साया

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम में इस बार देरी हो संभव है। इससे प्रदेश के 19 लाख से अधिक विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा के परिणाम का इंतजार बढ़ सकता है। भर्तियों परीक्षाओं के परिणाम की तरह इन कक्षाओं के परिणाम जारी करने पर भी आचार संहिता का साया है। बोर्ड जल्दी ही इन कक्षाओं का परिणाम जारी करने की अनुमति के लिए सरकार को पत्र भेजेगा ताकि चुनाव आयोग से परमिशन दिलाई जा सके। राजस्थान बोर्ड की 12वीं का परिणाम सामान्यत: मई मध्य में और 10वीं का परिणाम जून के पहले सप्ताह में घोषित हो जाता है।

# बजरी परिवहन से जुड़े ट्रेक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर

**भीलवाड़ा,** (नीसं)। पड़ोसी जिले शाहपुरा के जहाजपुर थाना इलाके में बीरामाता गांव के पास एक बजरी परिवहन से जुड़े ट्रेक्टर ने बाइक पर जा रहे दो युवकों को टक्कर मार दी जिसमे एक की उपचार के दौरान मौत हो गई व एक गम्भीर घायल हो गया। वही ग्रामीणों की सूचना पर जहाजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुची और दुर्घटना मे घायल युवकों को जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया।

- हादसे में एक की मौत दूसरा गंभीर घायल
- नाराज मुस्लिम समाज के लोगों ने अस्पताल के बाहर धरना देकर मुआवजे की मांग की

जहाजपुर थाने के सब इंस्पेक्टर बलवीर खा ने जानकारी देते हुए बताया कि जहाजपुर थाना क्षेत्र के बीरामाता गांव के पास ट्रेक्टर ने बाइक पर सवार होकर जहाजपुर से हिंडोली अपनी दुकान पर जा रहे थे कि बीच रास्ते मे बजरी परिवहन से जुड़े ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिली जिस पर मौके पर पहुचे और घायलों को जहाजपुर हास्पिटल पहुंचाया। जहां घायलों का उपचार शुरू हुआ वही उपचार के दौरान रईस पिता शरीफ पठान ने दम तौड़ दिया। घायल साजिद पिता शगीर अब्बासी निवासी जहाजपुर को गम्भीर होने पर देवली के लिए रेफर किया गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में हॉस्पिटल के बाहर जमा हो गई। हॉस्पिटल के बाहर घटना के बाद किसी भी आधिकारी के नहीं पहुंचने पर मुस्लिम समाज के लोग नाराज होकर हॉस्पिटल के बाहर ही धरने पर बैठ गये और मुवावजे की मांग कर रहे हैं। मामले को गम्भीरता लेते हुए फीलहाल अभी तहसीलदार रविकुमार मीणा व पुलिस उपाधिक्षक अजीत सिंह मेघवंशी भी हॉस्पिटल पहुंचे और लोगों से समाइश में लगे हुए हैं।

## विवाहिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

**सुजानगढ़,** (निसं)। निकटवर्ती गांव भौजलाई में एक विवाहिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार शायर पत्नी विजय कुमार नायक उम्र 27 वर्ष निवासी भौजलाई शनिवार को दिन में घर में अकेली थी। उसने कमरे में पंखे के हुक से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर सदर थाना पुलिस ने मौके पर पंहूच कर शव को फंदे से नीचे उतरवाया। टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बूलेंस चालक भागीरथ, हंसराज नायक की सहायता से मृतका के शव को राजकीय बगडिय़ा उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पति विजय कुमार की रिपोर्ट पर मृतका का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

**बोरावड,** (नीसं)। निकटवर्ती ग्राम चावण्डिया में दो भाइयों के पांच झोपड़ियों में अचानक लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया व एक गाय सहित पांच बकरियों की जलकर मौत हो गई।

- एक गाय सहित पांच बकरियों की जलकर मौत

जानकारी अनुसार चावंडिया गांव में बजरंगलाल व बेगाराम पुत्र नारायणराम मेघवाल के कच्ची झोपड़ियों के पास से विद्युत की सर्विस लाइन अचानक से फाल्ट होने के बाद हवा तेज चलने से कच्चे मकान में आग लग गई। बजरंगलाल मेघवाल के खेत में बाड़े में तीन कच्ची झोपड़ियों में आग लगने से एक गाय और 5 बकरियों की मौत हो गई। तथा झोपड़ी में रखा घरेलु सामान और चारा जलकर राख हो गया। वही पास में स्थित बेगाराम मेघवाल के बाड़े में भी अचानक आग विकराल रूप लेते हुए फैल गई और बेगाराम मेघवाल के बाड़े में दो झोपड़ी और घरेलु सामान को चपेट में लिया। आग का विकराल रूप को देखकर लोग मदद के लिए दौड़े लेकिन आग अत्यधिक फैलने के बाद लोगों ने पानी के टैंकर और मिट्टी डालकर करीबन दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सभी सामान जल कर राख हो चुका था।

## 21 जने गिरफ्तार

**सुजानगढ़,** (निसं)। कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत 21 जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक दरजाराम ने बताया कि विभिन्न मामलों में सांवरमल पुत्र मेघनाथ सिद्ध, शंकरलाल पुत्र रामदेव माली, साबिर पुत्र अनवर, जाकिर पुत्र लियाकत अली खीचीr कमल पुत्र ओमप्रकाश वाल्मिकी, आदिल पुत्र मोहम्मद अली काजी और अकरम पुत्र मो. उकली बिसायती को गिरफ्तार किया है। डीएसपी ने बताया कि ऑरेशन शिकंजा के तहत नौ जनों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तथा पांच जनों को पूछताछ के लिए लाया गया है। अभियान के तहत में तीन या ज्यादा मुकदमे वाले लोगों को पकड़ कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाबंद किया गया है। पूर्व में चालानशुदा अपराधियों को भी थाने लाया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# इलेक्ट्रिशन ही भाजपा नेता के घर चोरी करने वाला निकला

**पाली,** (नि.सं.)। भाजपा नेता के घर से 46 तोला सोने के गहने चोरी करने वाला और कोई नहीं उनकी डेयरी व किसान केसरी गार्डन पर काम करने वाले इलेक्ट्रिशन भैंरूघाट निवासी रमेश प्रजापत निकला। जो पिछले करीब एक साल से उनके यहां काम करता था और डेयरी, किसान केसरी गार्डन और घर पर इलेक्ट्रिक संबंधित काम होने पर करने आता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसने गहने चुराना स्वीकार किया। आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस चुराए गए गहने बरामद करेगी।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गहने बरामद किए।

सीओ सिटी जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पाली के बापूनगर विस्तार में रहने वाले भाजपा नेता भंवर चौधरी ने रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि 23 अप्रैल को सामाजिक कार्यक्रम में जाने के दौरान घर की महिलाओं ने गहने पहने थे। 1 मई को शिवपुरा सामाजिक कार्यक्रम में जाने के लिए उनकी पत्नी मोहनी देवी ने अलमारी खोली तो अलमारी में रखा गहने नहीं मिले और सोने चांदी के गहनों से भरा बॉक्स अलमारी में पड़ा था। उनके जेवरात चोरी होने की जानकारी मिलने पर घर के सभी सदस्य एकत्रित हो गए। बाद में उनके छोटे भाई नारायण चौधरी के कमरे में रखी अलमारी खंगाली तो उसमें से भी सोने के गहनों का बॉक्स गायब मिला। दोनों भाईयों का 46 तोला सोने के गहने गायब, रिपोर्ट में भंवर चौधरी ने बताया था कि उनके घर से 30 तोला और उनके छोटेभाई नारायण चौधरी के घर से 16 तोला सोने के गहने गायब हुए थे। पुलिस ने सीसी टी वी की मदद से आरोपी की तलाश कर आज आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है

# विवाहिता की संदिग्ध मौत पर परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**मांडलगढ़,** (नीसं)। मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के भाँड़ का खेड़ा गाँव मे एक 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। महिला शव को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर मांडलगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुँची।

विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया ओर परिजनों को सुपुर्द किया है। मांडलगढ़ थानाधिकारी शिव चरण ने बताया कि 22 वर्षीय बूंदी जिले के बसोली थाना क्षेत्र के सरोदड़ा निवासी लीला देवी भील का विवाह गत वर्ष भाँड़ का खेड़ा निवासी हजारी लाल भील से हुआ था। शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था,झगड़े के बाद पति काम से बाहर चला गया।इस दौरान शुक्रवार सांयकाल लीला देवी की तबियत बिगड़ गई।



पुलिस ने विवाहिता के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया ओर परिजनों को सुपुर्द किया।

मृतका के परिजन उसे मांडलगढ़ अस्पताल लेकर आए।जहाँ उसकी मौत हो गई। परिजन शव को अस्पताल से घर लेकर चले गए। सूचना पर मृतक के पीहर पक्ष के लोग भाँड़ का खेडा आए और पुलिस को सूचना दी। मांडलगढ़ थाना पुलिस ने मृतका लीला देवी के शव को कब्जे में लेकर शनिवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव पीहर पक्ष के परिजनों को सुपुर्द किया।

- गत साल 22 वर्षीय मृतका लीलादेवी का विवाह हजारी भील से हुआ था

पुलिस ने सरोदड़ा गाँव (बूंदी) निवासी मृतका के काका भँवर लाल भील ने मृतका के पति हजारी लाल भील पर हत्या करने का आरोप लगाया हैं। परिजन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवाहिता की हत्या, आत्महत्या या संदिग्ध मौत की जांच में जुट गई हैं।